Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 02-03-2006

Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

>

Title : Regarding the need to provide stoppage of Ashram Express at Beawar railway station, Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : महोदय, मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ब्यावर नामक एक लाख से ऊपर आबादी का औद्योगिक एवं व्यापारिक महत्व का नगर है। यहां के हजारों व्यवसायियों और उद्यमियों का दक्षिण भारत में विभिन्न बडे बडे नगरों में कारोबार एवं व्यवसाय हेतु जाना पड़ता है। ब्यावर के पास के ग्रामीण अंचल मगरा नाम से जाना जाता है, जहां के हर घर से तीन तीन, चार चार जवान फौज में भरती होते हैं। उनका भी निरंतर आना जाता होता है। खेद है कि ऐसे महतवपूर्ण नगर के रेलवे स्टेशन पर दिल्ली-अहमदाबाद के बीच चलने वाली सुपरफास्ट आश्रम एक्सप्रेस आते जाते नहीं रूकती। अनेक बार जनप्रतिनिधियों द्वारा व्यापक जनहित में अनुरोध करने पर भी रेलवे द्वारा अजमेर से कम दूरी का बहाना बनाकर इस गाडी को ब्यावर नगर में दो मिनट का ठहराव नहीं दिया जा रहा है। जबकि यहां इस गाड़ी के ठहराव से रेलवे को आर्थिक दृटि से भी फायदा होगा। आश्रम एक्सप्रेस का ब्यावर जिला अजमेर, राजस्थान में ठहराव नहीं किये जाने से इस औद्योगिक नगरी के निवासियों में घोर असंतोा है, जो कभी भी आंदोलनात्मक रूपधारण कर सकता है।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि ब्यावर नगर जिला अजमेर, दिल्ली-अहमदाबाद लाइन पर स्थित क्रांतिकारी एवं स्वाधीनता सेनानियों की जन्मदायी नगरी, में सुपरफास्ट आश्रम एक्सप्रेस को आते जाते दो मिनट का ठहराव देने की अनुकम्पा करावें। यह व्यापक जनहित में अत्यंत आवश्यक है।